Postal Reg. No.GDP -45/2017-2019

अल्लाह तआला का आदेश

وَلِلّٰهِ مَا فِي السَّمٰوٰتِ وَمَا فِي الْاَرْضِ ۚ يَغْفِرُ لِمَنْ يَّشَآءُ وَيُعَذِّبُ مَنْ يَّشَآءُ ۚ وَاللّٰهُ غَفُوْرٌ رَّحِيْمٌ۔

(सूरत आले-इम्रान आयत :130)

अनुवाद: और अल्लाह ही का है जो आकाशों और ज़मीन में है वह जिसे चाहता है क्षमा कर देता है और जिसे चाहता है आज़ाब देता है और अल्लाह बहुत क्षमा करने वाला और बार बार रहम करने वाला है।

بِسۡمِ اللّٰہِ الرَّحۡمٰنِ الرَّحِیۡمِ نَحۡمَدُہٗ وَنُصَلِّیۡ عَلٰی رَسُوۡلِہِ الۡکَرِیۡمِ وَعَلٰی عَبۡدِہِ الۡمَسِیۡحِ الۡمَوۡعُوۡد

وَلَقَدۡ نَصَرَکُمُ اللّٰہُ بِبَدۡرٍ وَّاَنۡتُمۡ اَذِلَّۃٌ

वर्ष 4

साप्ताहिक क़ादियान

बदर

Weekly BADAR Qadian HINDI

अंक 44

संपादक शेख़ मुजाहिद अहमद

मूल्य 500 रुपए वार्षिक

2 रबीउल अव्वल 1441 हिजरी कमरी 31 इख़ा 1398 हिजरी शमसी 31 अक्तूबर 2019 ई.

अख़बार-ए-अहमदिया

रूहानी ख़लीफ़ा इमाम जमाअत अहमदिया हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद साहिब ख़लीफ़तुल मसीह ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल;ल अज़ीज सकुशल हैं। अलहम्दोलिल्लाह। अल्लाह तआला हुज़ूर को सेहत तथा सलामती से रखे तथा प्रत्येक क्षण अपना फ़जल नाज़िल करे। आमीन

अख़लाक़ की करामत में बहुत असर होता है। फिलासफर लोग मआरिफ़ और हक़ायक़ से तसल्ली नहीं पा सकते।
आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के महान अख़लाक़ ऐसे थे कि اِنَّکَ لَعَلٰی خُلُقٍ عَظِیۡمٍ (अल-क़लम:5) क़ुरआन में आया है।

उपदेश सय्यदना हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम

बदज़नी

बदज़नी एक ऐसा बीमारी है और ऐसी बुरी बला है जो इन्सान को अंधा कर के हलाकत के अन्धे कुँएं में गिरा देती है। बदज़नी ही है जिसने एक मुर्दा इन्सान की पूजा कराई। बदज़नी ही तो है जो लोगों को ख़ुदा तआला की सिफ़तें ख़लक़, रहम, राज़कियत इत्यादि से मुअत्तल कर के नऊज़ बिल्लाह एक फ़र्द मुअत्तल और बेकार चीज़ बना देती है। अत: इसी बदज़नी के कारण जहन्नुम का बहुत बड़ा हिस्सा अगर कहूं कि सारा हिस्सा भर जाएगा तो अतिश्योक्ति नहीं। जो लोग अल्लाह तआला के मामूरों से बदज़नी करते हैं वे ख़ुदा तआला की नेअमतों और इस के फ़ज़ल को हीनता की नज़र से देखते हैं। अत: अगर कोई हमारे इस सिलसिला का जो ख़ुदा तआला ने अपने हाथ से क़ायम किया इनकार करे तो हमको अफ़सोस होता है कि हाय! एक रूह हलाकत के दरवाज़ा की ज़ंजीर खटखटाती है और यह सिलसिला ऐसा प्रकाशित है कि अगर कोई आदमी तैय्यार दिल लेकर दो घंटा भी हमारी बातों को सुने तो वह हक़ को पा लेगा।

आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के अख़लाक़ के चमत्कार

अब मैं चाहता हूँ कि कुछ बातें और कह कर इस तक़रीर को ख़त्म कर दूं। मैं थोड़ी देर के लिए चमत्कार के सिलसिला की तरफ़ फिर लौट कर के कहता हूँ कि एक चमत्कार तो चांद का दो टुकड़े होने के इल्मी रंग के हैं और दूसरे हक़ायक़ तथा मआरिफ़ के। तीसरा वर्ग चमत्कार का अख़लाक़ का चमत्कार हैं। अख़लाक़ की करामत में बहुत असर होता है। फिलासफर लोग मआरिफ़ और हक़ायक़ से तसल्ली नहीं पा सकते। मगर महान अख़लाक़ उन पर बहुत बड़ा और गहरा असर करते हैं। हुज़ूर सय्यदुल मुरसलीन सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के अख़लाक़ के चमत्कार में से एक यह भी है कि एक बार आप एक दरख़्त के नीचे सोए पड़े थे कि अचानक एक शोर तथा पुकार से उठ गए तो क्या देखते हैं कि जंगली देहाती तलवार खींच कर ख़ुद हुज़ूर पर आ पड़ा है। उसने कहा। हे मुहम्मद ! (सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम) बता इस वक़्त मेरे हाथ से तुझे कौन बचा सकता है ? आप ने पूरे इतमीनान और सच्चे सन्तोष से जो हासिल थी फ़रमाया कि अल्लाह। आप का यह फ़रमाना साधारण इन्सानों की तरह ना था। अल्लाह जो ख़ुदा तआला का एक व्यक्तिगत नाम है और जो सारी सिफतों का पूण सार का है। ऐसे तौर पर आपके मुँह से निकला कि दिल से निकला और दिल पर ही जा कर ठहरा। कहते हैं कि सब से बड़ा नाम यही है और इस में बड़ी बड़ी बरकतें हैं लेकिन जिसको वो अल्लाह याद ही ना हो वह इस से क्या फ़ायदा उठाएगा। अत: ऐसे तौर पर अल्लाह का शब्द आप के मुँह से निकला कि इस पर रौब छा गया और हाथ काँप गया। तलवार गिर पड़ी। हज़रत ने वही तलवार उठा कर कहा कि अब बतला। मेरे हाथ से तुझे कौन बचा सकता है? वह कमज़ोर दिल जंगली किस का नाम ले सकता था। आख़िर आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने अपने उच्च अख़लाक़ का नमूना दिखाया और कहा जा तुझे छोड़ दिया और कहा कि उपकार और बहादुरी मुझ से सीख। इस अख़लाक़ी मोजिज़ा ने इस पर ऐसा असर किया कि वह मुसलमान हो गया।

सैयर में लिखा है कि अबुल-हसन ख़रक़ानी के पास एक आदमी आया। रास्ता में शेर मिला और कहा कि अल्लाह के लिए पीछा छोड़ दे। शेर ने हमला किया और जब कहा। अबुलहसन के लिए छोड़ दे तो उसने छोड़ दिया। ऊपर वर्णित आदमी के ईमान में इस हालत ने अन्धेरा सा पैदा कर दिया और उसने सफ़र छोड़ दिया। वापस आकर यह परेशानी पेश की। इस को अबुलहसन ने जवाब दिया कि यह बात मुश्किल नहीं। अल्लाह के नाम से तू वाक़िफ़ ना था। अल्लाह की सच्ची हैबत और प्रताप तेरे दिल में ना था और मुझ से तू परिचित था। इसलिए मेरी क़दर तेरे दिल में थी। अत: अल्लाह के शब्द में बड़ी बड़ी बरकतें और ख़ूबियां हैं शर्त यह है कि कोई उस को अपने दिल में जगह दे और इस की आवाज़ पर कान धरे।

इसी तरीका पर आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के अख़लाक़ी चमत्कार में एक अन्य मोजिज़ा भी है कि आप के पास एक वक़्त बहुत सी भेड़ें थीं। एक आदमी ने कहा इस क़दर माल इस से पहले किसी के पास नहीं देखा। हज़ूर ने वे सब भेड़ें उस को दे दीं। उसने शीघ्र कहा कि निसन्देह आप सच्चे नबी हैं। सच्चे नबी के बिना इस किस्म की सख़ावत दूसरे से अमल में आनी मुश्किल है। अत: आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के महान अख़लाक़ ऐसे थे कि

اِنَّکَ لَعَلٰی خُلُقٍ عَظِیۡمٍ (अल-क़लम:5) क़ुरआन में आया है।

हमारी जमाअत को उचित है कि वह अख़लाक़ की तरक़्क़ी करें

(मल्फ़ूज़ात जिल्द 1 पृष्ठ 85 से 87)

☆ ☆ ☆

जलसा सालाना कादियान के बारे में एलान

दिसम्बर 2019 ई में आयोजित होने वाले जलसा सालाना कादियान के बारे में अख़बार बदर कादियान में ऐलान होता रहा है कि यह जलसा 125वां जलसा सालाना है। इस तारीख़ी जलसा के बारे में हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ ने कुछ विशेष प्रोग्रामों की मन्ज़ूरी प्रदान फ़रमाई है जिस की सूचना सर्कुलर के द्वारा जमाअतों को दी गई है। इसी दौरान' तारीख़ अहमदियत कादियान विभाग''की तहक़ीक़ की रोशनी में सय्यदना हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल की सेवा में यह सूचना दी गई कि 2019 ई में आयोजित होने वाला जलसा सालाना 125 वां जलसा सालाना नहीं बल्कि126 वां जलसा सालाना है।

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ ने शफ़क़त करते हुए इस की मन्ज़ूरी प्रदान फ़रमाई और प्रोग्रामों को भी जारी रखने का आदेश फ़रमाया है। बदर के पाठक सूचित रहें।

(नाज़िर इस्लाहो इरशाद मर्कज़िया कादियान)

जमील अहमद नासिर प्रिंटर एवं पब्लिशर ने फ़ज़्ल-ए-उमर प्रिंटिंग प्रेस क़ादियान में छपवा कर दफ़्तर अख़बार बदर से प्रकाशित किया। प्रौपराइटर - निगरान बदर बोर्ड क़ादियान

सय्यदना हज़रत अमीरुल मोमिनीन ख़लीफतुल मसीह अल्ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ का अमरीका का सफर, अक्तूबर 2018 ई (भाग-13)

नेशनल आमिला मजलिस अन्सारुल्लाह यू.एस. ए की सय्यदना हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला से मुलाक़ात,वाक़फ़ात नौ क्लास, वाक़फ़ीन नौ की क्लास,यू.ऐस कांग्रस मैन की हुज़ूर अनवर से मुलाक़ात

(रिपोर्ट: अब्दुल माजिद ताहिर, एडिशनल वकीलुत्तबशीर लंदन)

(अनुवादक: शेख मुजाहिद अहमद शास्त्री)

नेशनल आमिला मजलिस अन्सारुल्लाह यू.एस. ए की सय्यदना हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला से मुलाक़ात

क़ायद तरबीयत ने निवेदन किया कि हम ने ख़ुत्बा जुम्अ: के बारे में अंदाज़ा लगाया था कि कितने अन्सार हैं जो हर महीने हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला का कम से अज़ कम एक ख़ुत्बा सुनते हैं।

इस पर हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ ने फ़रमाया: आप सिर्फ एक ख़ुत्बा पर क्यों ध्यान दे रहे हैं? सारे ख़ुत्बों पर क्यों नहीं दे रहे? सौ प्रतिशत अन्सार ख़ुत्बा सुनें और हर ख़ुत्बा सुनें। आप का टार्गेट यह होना चाहिए कि हर नासिर नियमित हर हफ़्ता ख़ुत्बा सुने।

इस पर सदर मज्लिस अन्सारुल्लाह ने निवेदन किया कि हम सिर्फ इस बात का अंदाज़ा लगा रहे थे कि कितने अन्सार हैं जो कम से कम एक ख़ुत्बा सुन कर उस को अपने घर वालों के साथ डिस्कस करते हैं। हमारा मक़सद था कि लोग ख़ुत्बा जुम्अ: को अपनी रोज़मर्रा ज़िन्दगी का हिस्सा बना लें और ख़ुत्बा को नियमित अपनी फ़ैमिली में डिस्कस क्या करें।

क़ायद तर्बीयत ने वसीयत के बारे में से बताया कि हमने दरमयानी मज्लिसों को तीन मेम्बरों की वसीयत और बड़ी मज्लिसों को पाँच मेम्बरों की वसीयत का टार्गेट दिया हुआ है।

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ ने हिदायत फ़रमाई कि ऐसे अन्सार जिन की आयु 65 साल से ज़्यादा हो चुकी हैं उन्हें वसीयत के बारे में ना कहीं। लोगों को चाहिए कि वह अपनी उम्र के पहले हिस्सों में निज़ाम वसीयत में शामिल हों।

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ ने हिदायत फ़रमाई कि नमाज़ बाजमाअत के स्थापना की तरफ़ विशेष ध्यान दें। अन्सार को क़ुरआन करीम की आयतों, हदीसों , हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम और खलीफ़ा के उद्धरण के द्वारा पांच वक्त नमाज़ के अदा करने की तरफ ध्यान दिलाए। यह उद्धरण हर नासिर तक पहुँचें और वे उन्हें पढ़ें।

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ ने फ़रमाया कि नेशनल स्तर पर और स्थानीय सतह पर इस बात को यक़ीनी बनाएँ कि मज्लिस आमला का हर मैंबर नियमित पांचों समय नमाज़ की अदायगी करता हो जिन में से कम से कम तीन नमाज़ें जमाअत के साथ हूँ खासतौर पर फ़ज्र , मग़रिब और इशा। हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ ने फ़रमाया: मैंने मजलिस अन्सारुल्लाह यू.के के इज्तिमा के अवसर पर जो ख़िताब किया था उसे सुनें और इस का अंग्रेज़ी अनुवाद करके हर अन्सार मैंबर तक पहुंचाएं।

*हुज़ूर अनवर के पूछने फ़रमाने पर क़ायद तर्बीयत नौ मुबाईन ने निवेदन किया कि पिछले तीन सालों के 45 नौ मुबाईन हैं। हम उन्हें फ्री इस्लामिक ऑनलाइन कोर्स और why ahmadi.org की वेबसाइट प्रयोग करने की तरफ़ ध्यान दिलाते हैं।

इस पर हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ ने फ़रमाया कि नौ मुबाईन को नमाज़ आनी चाहिए , उन्हें हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के दावों और उद्देश्यों का इल्म होना चाहिए। हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ के पूछने पर क़ायद तर्बीयत नौ मुबाईन ने निवेदन किया कि इस साल के जो 11 नौ मुबाईन हैं उन से भी हमारा नियमित सम्पर्क है।

*क़ायद तब्लीग़ ने अपनी रिपोर्ट पेश करते हुए निवेदन किया कि उनके इस साल का यह लक्ष्य थे कि अन्सार हुज़ूर अनवर का ख़ुत्बा बाक़ायदगी से सुनें , तब्लीग़ में हिस्सा लें, ग्रुप तब्लीग़ activity करें और जलसा के अवसर पर मेहमानों को लेकर आएं।

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ के पूछने फ़रमाने पर क़ायद तब्लीग़ ने निवेदन किया कि उनके कुल 165 दाईयान इलल्लाह हैं और इस साल अन्सारुल्लाह के द्वारा 11 बैअतें हुई हैं।

*क़ायद तहरीक जदीद ने हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ के पूछने पर निवेदन किया कि इस साल तहरीक जदीद में 1632 अन्सार अभी तक हिस्सा ले चुके हैं और हमारा लक्ष्य है कि कम से कम नव्वे प्रतिशत अन्सार तहरीक में हिस्सा लें।

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ के पूछने फ़रमाने पर क़ायद तब्लीग़ ने निवेदन किया कि हम मेम्बर मज्लिस को हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ के ख़ुत्बों में से उद्धरण और बुज़ुर्गान की घटनाओं के द्वारा तहरीक करते हैं।

इस पर हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ ने फ़रमाया कि अन्सारुल्लाह को तहरीक जदीद में शामिल होने की तरग़ीब दिलाने के लिए और उन्हें motivate करने के लिए विभिन्न तरीक़े तलाश करने होंगे और कोशिश करें कि वे हर महीने तहरीक जदीद का चन्दा अदा करें।

हुज़ूर अनवर ने फ़रमाया कि अगर आप सारी मज्लिसों में अपने नाज़िमीन को activate करें तो आप अपना टार्गेट प्राप्त कर सकते हैं।

* हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ के पूछने पर क़ायद साहिब वक़्फ़ जदीद ने निवेदन किया कि पिछले साल 2435 अन्सार ने वक़्फ़ जदीद में शमूलीयत की थी और इस साल अभी तक 1600 अन्सार शामिल हो चुके हैं और अदायगी कर चुके हैं।

इस पर हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ ने फ़रमाया कि अभी तक आपका पच्चास प्रतिशत भी नहीं हुआ। इस पर क़ायद साहिब वक़्फ़ जदीद ने निवेदन किया कि प्राय: लोग आख़री दो महीनों में अदायगी करते हैं इसलिए इंशा अल्लाह संख्या में इज़ाफ़ा हो जाएगा। इस पर हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ ने फ़रमाया कि सौ प्रतिशत अन्सार चन्दा वक़्फ़ जदीद में क्यों शामिल नहीं हुए। सौ प्रतिशत शामिल होने चाहिऐं।

* क़ायद ज़हानत तथा सेहत जिस्मानी ने अपनी रिपोर्ट पेश करते हुए निवेदन किया कि 30 प्रतिशत से अधिक अन्सार व्यायाम करते हैं। इसके अतिरिक्त हम ने एक हेल्पलाइन भी बनाई हुई है जिसके द्वारा अन्सारुल्लाह के समस्याएं इत्यादि सुनते हैं।

* हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ के पूछने फ़रमाने पर आडीटर साहिब मजलिस अन्सारुल्लाह ने निवेदन किया कि वह लोकल जमाअतों का दौरा नहीं करते बल्कि उन्हें लोकल जमाअतों से त्री-मासिक रिपोर्टस प्राप्त होती हैं। ज़रूरत पड़ने पर कुछ मज्लिसों से और अधिक विस्तार से भी मंगवा लेते हैं और नियमित ऑडिट का काम करते हैं। इस पर हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ ने फ़रमाया कि आडीटर का यह भी काम होता है कि वह नियमित मज्लिसों का दौरा करके वहां जाकर ऑडिट करे।

*हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ ने क़ायद तजनीद से पूछा कि क्या आपकी तजनीद सही है। अपनी तजनीद को पूर्ण करने के लिए क्या कर रहे हैं? इस पर क़ायद साहिब तजनीद ने निवेदन किया कि हमारा लक्ष्य है कि हमारे पास 100 प्रतिशत अन्सार की तजनीद पूर्ण हो और इस के लिए हम तजनीद drives का आयोजन करते हैं। मज्लिसों को कहते हैं कि घर-घर जाकर तजनीद

शेष पृष्ठ 7 पर

ख़ुत्बः जुमअः

जलसा का मक़सद ईमान और यक़ीन में तरक़्क़ी है

यह जलसे इसलिए आयोजित किए जाते हैं ताकि बार-बार हमें इस बात की याददहानी होती रहे कि हमारी बैअत का मक़सद क्या है।

अगर हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम की बैअत का हक़ अदा करना है तो अल्लाह तआला की इबादत का हक़ अदा करना होगा।

ईमान और यक़ीन और मार्फ़त बढ़ती है तब ही अल्लाह और इस के रसूल की मुहब्बत में इज़ाफ़ा होता है।

''ख़ुशहाली का उसूल तक़्वा है।"

अक़्लमंदी का तक़ाज़ा तो यही है कि इन तीन दिनों को एक ट्रेनिंग कैंप के तौर पर समझा जाए।

हमेशा याद रखें ये तादाद में इज़ाफ़ा या मिशन और सैंटर्ज़ बनाना या मस्जिद तामीर करना उसी वक़्त फ़ायदा देता है जब उनके मक़ासिद को पूरा किया जाए।

हर अहमदी को जो इन पाबंदियों से आज़ाद हो कर ज़िन्दगी गुज़ार रहा है जो उनको पाकिस्तान में थीं खासतौर पर इस वजह से पहले से बढ़कर अल्लाह तआला का शुक्रगुज़ार होना चाहिए और हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम की बैअत में आने का हक़ अदा करने की भरपूर कोशिश करनी चाहिए।

अपनी रुहानी इलमी और अख़लाक़ी हालत को बेहतर करने की कोशिश करनी चाहिए

अल्लाह तआला और इस के रसूल की हर बात को अपने हर मामला में तब ही रहनुमा बनाया जा सकता है जब हक़ीक़ी मुहब्बत हो।

यह कोई मामूली बात नहीं है कि दुनिया की मुहब्बत बिलकुल निकल जाए और अल्लाह और इस के रसूल की मुहब्बत इस पर ग़ालिब आ जाए। इस के लिए बड़ी कोशिश की ज़रूरत है।

जलसा सालाना के मक़ासिद पूरा करने और अल्लाह और इस के रसूल की मुहब्बत में हुक़ूक़ अल्लाह और हुक़ूक़ु ईबाद को अदा करते हुए हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम की बैअत के तक़ाज़ा पूरा करने की नसीहत

39 जलसा सालाना हॉलैंड का उद्घाटन

ख़ुत्बः जुमअः सय्यदना अमीरुल मो'मिनीन हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद ख़लीफ़तुल मसीह पंचम अय्यदहुल्लाहो तआला बिनस्त्रिहिल अज़ीज़, दिनांक 27 सितम्बर 2019 ई. स्थान - जलसा गाह जमाअत अहमदिया हॉलैंड, नन सपीत (हॉलैंड)

أَشْهَدُ أَنْ لَّا إِلٰهَ إِلَّا اللّٰهُ وَحْدَهُ لَا شَرِيكَ لَهُ وَأَشْهَدُ أَنَّ مُحَمَّدًا عَبْدُهُ وَرَسُوْلُهُ۔
أَمَّا بَعْدُ فَأَعُوْذُ بِاللّٰهِ مِنَ الشَّيْطٰنِ الرَّجِيْمِ۔ بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ۔ اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ
رَبِّ الْعَالَمِيْنَ۔ اَلرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ۔ مٰلِكِ يَوْمِ الدِّيْنِ۔ اِيَّاكَ نَعْبُدُ وَاِيَّاكَ نَسْتَعِيْنُ۔
اِهْدِنَا الصِّرَاطَ الْمُسْتَقِيْمَ۔ صِرَاطَ الَّذِيْنَ اَنْعَمْتَ عَلَيْهِمْ۔ غَيْرِ الْمَغْضُوْبِ عَلَيْهِمْ
وَلَا الضَّآلِّيْنَ

आज अल्लाह तआला के फ़ज़ल से जमाअत अहमदिया हॉलैंड का जलसा सालाना शुरू हो रहा है और कई साल बाद मुझे भी अल्लाह तआला तौफ़ीक़ दे रहा है कि आपके जलसा में शामिल हूँ। पिछले कई साल से अमीर साहिब जलसा पर आने का कहते रहे मगर दूसरी जमाअत की व्यस्तता की वजह से बावजूद इच्छा के यह मुम्किन नहीं हो सका। बहरहाल अल्लाह तआला का फ़ज़ल है कि वह मुझे आज इस जलसा में शामिल होने की तौफ़ीक़ प्रदान फ़र्मा रहा है। पिछले कुछ सालों में हॉलैंड में जमाअत की संख्या में इज़ाफ़ा हुआ है 1/3 तो इज़ाफ़ा यक़ीनन हुआ है। बहुत से लोग पाकिस्तान से हिजरत कर के आए हैं, कुछ नए लोग भी जमाअत में शामिल हुए हैं। बहरहाल दुनिया की दूसरी जमाअतों की तरह हॉलैंड की जमाअत भी अपनी जो उनकी संख्या थी या जो उनके वसाइल थे इस लिहाज़ से तरक़्क़ी कर रही है। लिट्रेचर इत्यादि की इशाअत भी अब यहां बेहतर तरीक़े पर हो रही है। नए सैंटर और एक मस्जिद भी जमाअत को मिली है। अभी मैंने देखी तो नहीं लेकिन लोगों से अलमेरे की मस्जिद की ख़ूबसूरती की तारीफ़ सुनी है कि आप लोगों ने बड़ी अच्छी मस्जिद बनाई है। इंशा अल्लाह तआला अगले हफ़्ते उस का उद्घाटन अर्थात रस्मी उद्घाटन भी होगा। वैसे तो वहां नमाज़ें पढ़ी जा रही होंगी और पढ़ी जा रही हैं। लेकिन हमेशा याद रखें यह संख्या में इज़ाफ़ा या मिशन और सैंटर्ज़ बनाना या मस्जिद बनाना उसी वक़्त फ़ायदा देता है जब उनके मक़ासिद को पूरा किया जाए। अत: यहां रहने वाले हर अहमदी को अपनी समीक्षा करने की ज़रूरत है और इस बात की ज़रूरत है कि देखे और तलाश करे कि वे क्या मक़ासिद हैं जो हमने हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम की बैअत में आकर पूरे करने हैं।

जैसा कि मैंने कहा कि इन पिछले कुछ सालों में बहुत से अहमदी हिजरत कर के यहां आए हैं और यहां जमाअत की संख्या में भी इज़ाफ़ा हुआ है। क्यों हिजरत कर के आए हैं? इसलिए कि खासतौर पर पाकिस्तान में अहमदियों को मज़हबी आज़ादी नहीं है, अहमदियों को मज़हब के नाम पर तंग किया जाता है, उनके हुक़ूक़ छीन लिए जाते हैं इसलिए कि उन्होंने ज़माना के इमाम को आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की पेशगोई और हुक्म के अनुसार स्वीकार किया है। हमें अल्लाह तआला का नाम लेने और इस की इबादत करने से इसलिए रोका जाता है कि हम आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के सच्चे आशिक़ की बैअत में क्यों आए हैं। मस्जिदें बनाना तो एक तरफ़ हमें अपने लोगों की तर्बीयत के लिए जलसा और इज्तिमा करने से भी रोका जाता है बल्कि घरों में भी क़ानून की दृष्टि से हम नमाज़ें

नहीं पढ़ सकते। क़ुर्बानी की ईद पर हम जानवरों की क़ुर्बानी नहीं कर सकते बल्कि क़ानून उस की इजाज़त नहीं देता। इस पर भी मुक़द्दमे हो जाते हैं और इसलिए भी कि तथाकथित उल्मा और उनके चेलों के जज़बात मजरूह होते हैं। अत: ऐसे हालात में बहुत से अहमदी पाकिस्तान से हिजरत कर के दूसरे देशों जहां मज़हबी आज़ादी है चले जाते हैं, हिजरत कर गए हैं

आप में से भी जो यहां हिजरत कर के आए हैं उन्हें यहां मज़हबी आज़ादी भी है और आर्थिक और समाजिक लिहाज़ से भी अपनी हालतों को बेहतर करने के अवसर भी मिले हैं। अत: हर अहमदी को जो इन पाबंदियों से आज़ाद हो कर ज़िन्दगी गुज़ार रहा है जो उनको पाकिस्तान में थीं खासतौर पर इस वजह से पहले से बढ़कर अल्लाह तआला का शुक्रगुज़ार होना चाहिए और हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम की बैअत में आने का हक़ अदा करने की भरपूर कोशिश करनी चाहिए। अपनी रुहानी ,इलमी और अख़लाक़ी हालत को बेहतर करने की कोशिश करनी चाहिए। इस बात पर ही ख़ुश नहीं हो जाना चाहिए कि हम आज़ाद हैं और कोई ऐसी पाबंदी हम पर नहीं है जो हमें अपने मज़हब पर अनुकरण करने से रोके। अगर हमारे कर्म अल्लाह तआला के आदेशों के अनुसार नहीं, अगर हमने अपने अंदर पवित्र तब्दीलियां पहले से बढ़कर पैदा करने की कोशिश नहीं की और अल्लाह तआला और इस के रसूल की मुहब्बत के इज़हार पहले से बढ़कर हमसे ज़ाहिर नहीं हो रहे तो इस आज़ादी का क्या फ़ायदा है, इन जलसों में शामिल होने का क्या फ़ायदा? ये मस्जिदें को तामीर करने का क्या फ़ायदा है? हक़ीक़ी फ़ायदा तो हमें इस आज़ादी का तब ही होगा जब हम बैअत का हक़ अदा करें

हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने इन जलसों के आयोजन का ऐलान भी अल्लाह तआला से आज्ञा पा कर फ़रमाया था और इसलिए फ़रमाया था कि इन जलसों की वजह से हम में पवित्र तब्दीलियां पैदा हों, हम धर्म को दुनिया पर मुक़द्दम करने वाले बनें और इस का सही फ़हम और इदराक हमें हासिल हो। हम अल्लाह तआला और इस के रसूल सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की मुहब्बत अपने दिलों में पैदा करने वाले हूँ। अपनी रुहानी , अख़लाक़ी और इल्मी हालत बेहतर करने वाले हों और इस के लिए हर मुम्किन कोशिश करें। हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम एक जगह जलसा के आयजन को ब्यान फ़रमाते हुए फ़रमाते हैं और अपनी बैअत में आने वालों को नसीहत करते हुए फ़रमाते हैं कि "समस्त मुख़लसीन सिलसिला बैअत में दाख़िल होने वाले इस आजिज़ पर ज़ाहिर हो कि बैअत करने से उद्देश्य यह है कि ताकि दुनिया की मुहब्बत ठंडी हो। और अपने मौला करीम और रसूल मक़बूल सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की मुहब्बत दिल पर ग़ालिब आ जाए और ऐसी हालत विच्छेद पैदा हो जाए जिस से आख़िरत का सफ़र मकरूह मालूम ना हो।

(आसमानी फ़ैसला, रुहानी ख़ज़ाइन भाग 4 पृष्ठ 351)

अत: बहुत स्पष्ट इरशाद है कि मेरी बैअत में आकर सिर्फ़ ज़बानी दावा तक ना रहो बल्कि मुख़लसीन में शामिल हो जाओ और इख़लास और वफ़ा में इस वक़्त तरक़्क़ी हो सकती है जब अल्लाह तआला और उस के रसूल मक़बूल सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की मुहब्बत सब मुहब्बतों से बढ़कर हो। इसलिए बैअत की शर्तों में भी आपने यह शर्त रखी है कि बैअत करने वाला अल्लाह तआला के कथन और रसूल सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के कथन को हर मामला में लक्ष्य क़रार देगा (उद्धरित इज़ाला औहाम भाग 2, रुहानी ख़ज़ाइन जिल्द 3 पृष्ठ 564) अल्लाह तआला और इस के रसूल की हर बात को अपने हर मामला में तब ही रहनुमा बनाया जा सकता है जब हक़ीक़ी मुहब्बत हो। अत: यह जलसा इसलिए आयोजित किए जाते हैं ताकि बार-बार हमें इस बात की याददहानी होती रहे कि हमारी बैअत का मक़सद किया है। यह कोई मामूली बात नहीं है कि दुनिया की मुहब्बत बिलकुल निकल जाए और अल्लाह और इस के रसूल की मुहब्बत इस पर ग़ालिब आ जाए। इस के लिए बड़ी कोशिश की ज़रूरत है। और जब हम ने बैअत का अहद किया है तो यह कोशिश करनी चाहिए और करनी पड़ेगी। हमें अपने दुनियावी कारोबार अपनी इबादतों के लिए क़ुर्बान करनी पड़ेंगे। दुनियावी व्यस्तता अल्लाह तआला के हक़ अदा करने के लिए क़ुर्बान करने पड़ेंगी। जो चीज़ हमें अल्लाह तआला के क़ुरब से रोकती है इस से बचना होगा। अगर हमारी मुलाज़मतें, हमारी तिजारतें अल्लाह तआला का हक़ अदा करने से रोकती हैं तो हमें हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम की जमाअत में रहने के लिए इन बुराईयों से अपने आपको बचाना होगा, इन रोकों को दूर करना होगा। इसी तरह अगर हमारे गर्व, हमारी तथाकथित दुनियावी इज़्ज़तें और शोहरतें, हमारी स्वार्थी सोचें और कर्म हुक़ूक़ुल ईबाद अदा करने से रोक रही हैं तो यह भी अल्लाह तआला के हुक्म की ना-फ़रमानी है। बन्दों के हुक़ अदा करना का भी अल्लाह तआला ने हुक्म फ़रमाया है और यह ना-फ़रमानी कर के हम हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम की जमाअत में रहने के मक़सद को पूरा नहीं कर रहे।

फिर जिस बात की तरफ़ आप ने ध्यान दिलाया है वह है रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम से मुहब्बत। आप ने स्पष्ट फ़रमाया कि रसूल करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम से मुहब्बत सारे इन्सानों से मुहब्बत से ज़्यादा होनी चाहिए, इन सब पर हावी होनी चाहिए क्योंकि ख़ुदा तआला तक अब रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के माध्यम से ही पहुंचा जा सकता है। आप के हुक्मों पर अनुकरण कर के और आप की सुन्नत पर चल कर ही ख़ुदा तआला तक पहुंचा जा सकता है। दुआओं की क़बूलियत और अंजाम बख़ैर होने का वसीला अब आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ही हैं। हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम फ़रमाते हैं कि

'' देखो अल्लाह तआला क़ुरआन शरीफ़ में फ़रमाता है قُلْ اِنْ كُنْتُمْ تُحِبُّوْنَ اللّٰهَ فَاتَّبِعُوْنِيْ يُحْبِبْكُمُ اللّٰهُ (आले-इम्रान 32)'' अर्थात कह दे हे लोगो अगर तुम अल्लाह तआला से मुहब्बत रखते हो तो मेरा अनुकरण करो तो इस सूरत में वह भी तुम से मुहब्बत करेगा अर्थात अल्लाह तआला भी मुहब्बत करेगा उस वक़्त जब तुम रसूल मक़बूल सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की पैरवी करोगे, उनकी सुन्नत पर अनुकरण करोगे, उनके हुक्मों पर अनुकरण करोगे। हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम फ़रमाते हैं कि "ख़ुदा के महबूब बनने के लिए सिर्फ़ रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की पैरवी ही एक राह है और कोई दूसरी राह नहीं कि तुम को ख़ुदा से मिला दे। इन्सान का मुद्दा सिर्फ इस एक वाहिद लाशरीक ख़ुदा की तलाश होना चाहिए।' यही मक़सद होना चाहिए कि हमने सिर्फ वाहिद और लाशरीक ख़ुदा की तलाश करनी है किसी और चीज़ की तलाश नहीं करनी, किसी और को अल्लाह के मुक़ाबला पर खड़ा नहीं करना। फ़रमाया "शिर्क और बिदअत से बचना चाहिए, रसूम के आधीन और तामसिक इच्छाओं के अधीन ना बनना चाहिए।' फ़रमाया "देखो मैं फिर कहता हूँ कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की सच्ची राह के सिवा और किसी तरह इन्सान कामयाब नहीं हो सकता।"आप फ़रमाते हैं कि "हमारा सिर्फ एक ही रसूल है और सिर्फ एक ही क़ुरआन शरीफ़ उस रसूल पर नाज़िल हुआ है जिसके अनुकरण से हम ख़ुदा को पा सकते हैं।"

(मल्फ़ूज़ात भाग 5 पृष्ठ 124-125)

फ़रमाया तुम याद रखो कि क़ुरआन शरीफ़ और रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के फ़रमान के अनुकरण और नमाज़ रोज़ा इत्यादि जो मस्नून तरीक़े हैं उनके सिवा ख़ुदा के फ़ज़ल और बरकतों के दरवाज़े खोलने की और कोई चाबी है ही नहीं। यही एक रास्ता है कोई और दूसरा रास्ता नहीं। अत: उन बरकतों को प्राप्त करने के लिए रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम से मुहब्बत और इस मुहब्बत की वजह से आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के हुक्मों पर चलना भी ज़रूरी है। अगर यह नहीं तो हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने स्पष्ट फ़र्मा दिया कि फिर मेरी बैअत भी बेफ़ाइदा है। तुम्हारा यहां जलसों पर जमा होना भी बेफ़ाइदा है। आप अलैहिस्सलाम ने फ़रमाया मैं तो अल्लाह तआला के इस महबूब का आशिक़ हूँ। अत: अगर तुम मेरी बैअत में रहना चाहते हो तो लाज़िमन तुम्हें भी मेरे महबूब से मुहब्बत करनी होगी

फिर फ़रमाया अपने अंदर हालत इन्क़िता पैदा करो अर्थात ऐसी हालत पैदा करो जो दुनिया के खेल कूद और चका-चौंध से तुम्हें अलग कर दे। तुम्हारा हर कर्म अल्लाह तआला और इस के रसूल मक़बूल सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के आदेशों के आधीन हो जाए। यक़ीनन दुनिया कमाना और दुनिया के काम और कारोबार करना यह मना नहीं है, ख़ुदा तआला ने ही उनका हुक्म दिया है। सहाबा रिज़वानुल्लाह अलैहिम ये काम किया करते थे, वे भी कारोबार करते थे ,व्यापार करते थे, उनके बड़े बड़े कारोबार थे। वे भी लाखों और करोड़ों के कारोबार करते थे और लेन-देन करते थे और लाखों और करोड़ों की जायदाद के मालिक थे लेकिन अल्लाह तआला और इस के रसूल की मुहब्बत उन पर ग़ालिब थी और वे हर वक़्त इस फ़िक्र में रहते थे कि हमने अल्लाह तआला की इबादत के हक़ भी अदा करने हैं और रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के हुक्मों की पैरवी भी करनी है। उन्हें यह फ़िक्र होती थी कि हम से कोई ऐसा कर्म न हो जाए जिससे हमारा महबूब हमसे नाराज़ हो। आजकल मैं ख़ुत्बों में सहाबा का ज़िक्र करता हूँ। बहुत सारे सहाबा की मिसालें मिलती हैं कैसी उनकी इबादतें थीं, कैसा उनका आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की इताअत का स्तर था, आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के लिए किस मुहब्बत के उनके जज़बात थे। अत: उन्हें ये फ़िक्र होती थी कि हमारे

से ऐसा कोई कर्म ना हो जाए जो हमारे महबूब को हमसे नाराज़ कर दे। अत: हमारे ज़हनों में भी यह बात रहनी चाहिए कि समस्त दुनियावी व्यस्तता के बावजूद हमने अल्लाह तआला और इस के रसूल से मुहब्बत में कमी नहीं आने देनी। इंशा अल्लाह। और इस के लिए यथा सामर्थ्य अल्लाह तआला और के रसूल के हुक्मों पर अनुकरण करने की कोशिश करनी है और अपनी हालतों को बेहतर करने के लिए और जलसा के रुहानी माहौल से लाभ उठाने के लिए और अपनी व्यावहारिक हालतों में बेहतरी लाने के लिए ही हम इन तीन दिनों के लिए जमा हुए हैं

अत: यह हमेशा ख़्याल रखना चाहिए और यही हमारी सोच होनी चाहिए कि हमारे यहां तीन दिन जमा होने का मक़सद किया है। यही कि इस रुहानी माहौल से फ़ैज़ उठाएं, अपनी व्यावहारिक हालतों में बेहतरी लाने की कोशिश करें और अपनी बुराईयों को दूर करें, इन दिनों में इबादतों के साथ साथ ज़िक्र इलाही और इस्तिग़फ़ार की तरफ़ हम तवज्जा दें। अगर हमारी यह सोच नहीं तो हमारा जलसा पर आना फ़ुज़ूल है। अक़लमंदी का तक़ाज़ा तो यही है कि इन तीन दिनों को एक ट्रेनिंग कैंप के तौर पर समझा जाए और हमारी व्यावहारिक हालतों में जो कमियां हो गई हैं और हो जाती हैं जब इन्सान एक माहौल से बाहर निकलता है तो उन्हें दूर करने की कोशिश करें। हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम एक जगह जलसा के लाभ बयान करते हुए फ़रमाते हैं कि

''यथा सामर्थ्य तमाम दोस्तों को केवल अल्लाह तआला के लिए बातों के सुनने के लिए और दुआ में शरीक होने के लिए इस तारीख़ पर आ जाना चाहिए और फ़रमाया "और इस जलसा में ऐसे हक़ायक़ और मआरिफ़ के सुनाने का काम रहेगा जो ईमान और यक़ीन और मार्फ़त को तरक़्क़ी देने के लिए ज़रूरी हैं।

(आसमानी फ़ैसला, रुहानी ख़ज़ाइन भाग 4 पृष्ठ 351-352)

अत: जलसा का मक़सद ईमान और यक़ीन में तरक़्क़ी है, मार्फ़त में बढ़ना है। आप ने एक अवसर पर यह भी फ़रमाया कि यह दुनियावी मेलों की तरह का मेला नहीं है।(उद्धरित शहादतुल क़ुरआन, रुहानी ख़ज़ायन भाग 6 पृष्ठ 395)कि हम इकट्ठे हो गए और शोर कर दिया और जमा हो गए और अपनी संख्या ज़ाहिर कर दी। यह तो मक़सद नहीं है। अत: जलसा पर आने वाले हर शख़्स को ,मर्द को भी, औरत को भी, जवान को भी, बूढ़े को भी इस तरफ़ तवज्जा रखनी चाहिए कि इस का ईमान और यक़ीन और मार्फ़त बढ़ेता कि ख़ुदा और उस के रसूल की मुहब्बत में इज़ाफ़ा हो। ईमान और यक़ीन और मार्फ़त बढ़ती है तब ही अल्लाह और इस के रसूल की मुहब्बत में इज़ाफ़ा होता है। अगर अल्लाह तआला के मुक़ाम और रसूल मक़बूल सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के मुक़ाम की पहचान ही हमें नहीं है, अगर अल्लाह तआला की हस्ती का हमें यक़ीन ही नहीं है तो मार्फ़त किस तरह, तरक़्क़ी किस तरह हो सकती है। इस मार्फ़त में बढ़ने से ही ईमान में तरक़्क़ी होगी।

अत: हमें यह नहीं समझना चाहिए कि हम सिर्फ रौनक के लिए एक जगह जमा हो गए हैं और इधर उधर की बातें करने में वक़्त गुज़ार कर हम चले जाएं। अगर यह सोच है तो जैसा कि मैंने पहले भी कहा कि फिर जलसा पर आना बेफ़ाइदा है। हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम नेकियों को करने की तरफ़ तवज्जा दिलाते हुए जिन में वे नेकियां भी हैं जो अल्लाह तआला के हुक़ूक़ अदा करने के लिए हैं और वे नेकियां भी हैं जो अल्लाह तआला के बंदों के हुक़ूक़ अदा करने के लिए हैं फ़रमाते हैं कि

''नेकी को केवल इसलिए करना चाहिए कि ख़ुदा तआला ख़ुश हो और इस की प्रसन्नता हासिल हो और इस के हुक्म की तामील हो इस बात को ध्यान में न रखें कि उस के कि इस पर सवाब हो या ना हो।' अत: यह है हक़ीक़ी मुहब्बत का फ़लसफ़ा कि अल्लाह तआला से मुहब्बत का तक़ाज़ा है कि हम उस के हुक्मों पर अनुकरण करें जिसमें इबादतें भी शामिल हैं और अल्लाह तआला के बंदों के हुक़ूक़ भी शामिल हैं और उन हुक्मों पर अनुकरण इसलिए नहीं करना कि इस के बदला में ख़ुदा तआला हमें अज्र देगा, कोई सवाब होगा। हाँ अल्लाह तआला किसी नेक अनुकरण को बग़ैर बदला के नहीं जाने देता, ज़रूर बदला देता है। हक़ीक़ी ईमान का तक़ाज़ा यह है जैसा कि आप ने फ़रमाया कि नेकी सिर्फ इसलिए नहीं करनी कि हमें कुछ मिले बल्कि इसलिए करनी है कि हमारे ख़ुदा का हुक्म है कि यह नेकियां करो। आप फ़रमाते हैं "ईमान तब ही कामिल होता है जबकि यह शंका और वहम बाच से उठ जाए।' बदला मिलेगा कि नहीं मिलेगा इस किस्म की सोचों में ना पड़ जाओ। अगर ये सोचें हैं तो ईमान कामिल नहीं हो सकता । फ़रमाया कि "यद्यपि यह सच है कि ख़ुदा तआला किसी की नेकी को ज़ाए नहीं करता । إِنَّ اللّٰهَ لَا يُضِيعُ أَجْرَ الْمُحْسِنِيْنَ (अत्तौब: 120)'' कि अल्लाह तआला मुहसिनों का बदला कभी नष्ट नहीं करता। फ़रमाया "मगर नेकी करने वाले को बदला मद्दनज़र नहीं रखना चाहिए।।

(मल्फ़ूज़ात भाग 2 पृष्ठ 371-372)

अत: हक़ीक़ी नेकी यही है कि बग़ैर किसी लालच के या इनाम के की जाए और इस उसूल को सामने रखकर हम बंदों से भी हुस्न सुलूक करें, एक दूसरे के हक़ अदा करने की कोशिश करें और इसलिए करें कि अल्लाह तआला का हुक्म है कि एक दूसरे से हुस्न सुलूक करो। रसूल मक़बूल सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम का हुक्म है, आप की सुन्नत है, आप के इर्शाद हैं कि एक दूसरे के हक़ अदा करने की कोशिश करो और उच्च अख़लाक़ दिखाओ तो चाहे बंदों से इस का बदला मिले या ना मिले, अल्लाह तआला ज़रूर उस नेकी का बदला देता है। अत: जब हमारा ख़ुदा ऐसा सुलूक हम से करता है तो किस क़दर बढ़कर हमारी यह ज़िम्मेदारी बनती है कि इस की रज़ा के लिए हम इन सारी बातों पर अनुकरण करें जिनके करने का हमें हुक्म दिया गया है और उन तमाम बुराईयों से बचें जिनसे बचने का हमें उसने हमें हुक्म दिया है

यहां आकर, इन देशों में आकर, तरक़्क़ी वाले देशों में आकर हमें अपनी हालतों और आज़ादी के नाम पर, हर किस्म की फ़ज़ूल बातों में पड़ने वाले माहौल में आकर हमें अपनी हालतों पर नज़र रखने की बहुत ज़्यादा ज़रूरत है। कई बार सुविधाएं नेकियों के करने में रोक बन जाती है। हालात बेहतर होते हैं, आदमी अपने भूतकाल को भूल जाता है। हम समझते हैं कि अनुक दुनियावी काम अगर हमने ना किया तो हमें नुक़्सान हो जाएगा लेकिन अल्लाह तआला फ़रमाता है कि रिज़्क़ देने वाला मैं हूँ। अत: यह बात प्राय दुनियादार में देखने में आती है कि वह इस तरफ़ तवज्जा देता है कि नुक़्सान ना मुझे हो जाए और अल्लाह के हक़ अदा नहीं करता और इस बात में बद-क़िस्मती से हम में से भी कुछ लोग शामिल हैं कि अपनी नमाज़ों को अपने कामों के लिए क़ुर्बान कर देते हैं। नमाज़ का वक़्त आया, दूसरी तरफ़ काम है तो नमाज़ छोड़ दी या नमाज़ कई बार बाद में जमा कर के पढ़ ली या काई बार पढ़ते ही नहीं , भूल जाते हैं लेकिन दुनियावी काम नहीं छोड़ते तो इस से बचने की हमें कोशिश करनी चाहिए। या फिर ऐसी जल्दी जल्दी नमाज़ें पढ़ते हैं कि जिस तरह एक फ़र्ज़ है जो गले से उतारना है जैसा कि मैंने पहले भी कहा कि यह अल्लाह तआला से मुहब्बत नहीं है ,यह तो इस दुनिया से मुहब्बत का इज़हार है। अत: अगर हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम की बैअत का हक़ अदा करना है तो अल्लाह तआला की इबादत का हक़ अदा करना होगा। हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने इस तरफ़ हमें तवज्जा दिलाई कि इस हक़ीक़त को समझो कि इबादत अल्लाह तआला की मुहब्बत ज़ाती से रंगीन हो कर की जाए

(उद्धरित मल्फ़ूज़ात भाग 5 पृष्ठ 107)

यह असल चीज़ है। अल्लाह तआला की इबादत करो और फ़र्ज़ समझ के ना सिर से टालो बल्कि फ़र्ज़ में मुहब्बत ज़ाती हो जाए और इस से रंगीन हो कर यह इबादत की जाए और जब ज़ाती मुहब्बत से इबादत होगी फिर दुनियावी उद्देश्य सब ख़त्म हो जाएँगी। फिर धर्म को दुनिया पर मुक़द्दम करने की हक़ीक़त ज़ाहिर होगी और जब दुनियावी उद्देश्य ख़त्म हो जाएँगी तो ख़ुदा फिर ऐसे ऐसे माध्यम से रिज़्क़ देगा कि इन्सान के वहम तथा सोच में भी नहीं होता। जैसा कि अल्लाह तआला फ़रमाता है وَمَنْ يَتَّقِ اللّٰهَ يَجْعَلْ لَّهٗ مَخْرَجًا ۔ وَيَرْزُقْهُ مِنْ حَيْثُ لَا يَحْتَسِبُ (अत्तलाक 3-4) जो आदमी अल्लाह तआला का तक़्वा धारण करता है وَمَنْ يَّتَّقِ اللّٰهَ يَجْعَلْ لَّهٗ مَخْرَجًا जो शख़्स अल्लाह का तक़्वा धारण करता है अल्लाह तआला उस के लिए कोई ना कोई ऐसी राह ,रास्ता निकाल देगा और उसे वहां से रिज़्क़ देगा जहां से उसे रिज़्क़ आने का ख़्याल भी नहीं होगा। हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम इस की वज़ाहत में फ़रमाते हैं कि अत: ख़ुशहाली का उसूल तक़्वा है। फिर फ़रमाया यह बिलकुल सच है कि ख़ुदा तआला अपने बंदों को ज़ाए नहीं करता और उनको दूसरों के आगे हाथ पसारने से महफ़ूज़ रखता है, हाथ फैलाने से महफ़ूज़ रखता है। फ़रमाया मेरा तो विश्वास है कि अगर एक आदमी अल्लाह के लिए और सच्चा मुत्तक़ी हो तो इस की सात नस्ल तक भी ख़ुदा रहमत और बरकत का हाथ रखता है।

(उद्धरित मल्फ़ूज़ात भाग 5 पृष्ठ 245)

और उनकी हिफ़ाज़त फ़रमाता है सिवाए उस के कि ख़ुद कोई बदक़िस्मती से अपने ऐसे कर्म कर ले जो अल्लाह तआला के फ़ज़ल से महरूम हो जाए। आप फ़रमाते हैं कि

''इन्सान को चाहिए कि सारी कमंदों को जला दे।' जो भी माध्यम हैं, जो भी कमंदें हैं इन सब को जला दो " और सिर्फ मुहब्बत इलाही ही की कमंद को बाक़ी

रहने दे। सिर्फ एक माध्यम हो, एक कमंद हो, एक माध्यम समझो जिससे तुम सब कुछ हासिल कर सकते हो और वह है मुहब्बत इलाही की कमंद। आप फ़रमाते हैं "...सच है कि जो ख़ुदा का हो जाता है ख़ुदा उस का हो जाता है।" फिर फ़रमाते हैं "....ऐसे बनो कि ताकि तुम पर ख़ुदा तआला की बरकतों और इस की रहमत के आसार नाज़िल हूँ।" फ़रमाते हैं ".. वह शख़्स जिसका उम्र पाने से मक़सद सिर्फ सांसारिक दुनिया ही के आन्नद और लाभ हैं इस की उम्र क्या लाभ देने वाली हो सकती है?" जिसका मक़सद ही यह है कि मुझे उम्र मिल जाए और इस दुनिया की आसाइशें और लज़्ज़तें मुझे हासिल हो जाएं उस का फ़ायदा किया है। "इस में तो ख़ुदा का हिस्सा कुछ भी नहीं। वह अपनी उम्र का मक़सद सिर्फ उत्तम खाने खाने और नींद भर के सोने और बीवी बच्चों और उम्दा मकान के या घोड़े इत्यादि रखने या उत्तम बाग़ों या फ़सल पर ही ख़त्म करता है। वह तो सिर्फ अपने पेट का बंदा और पेट की इबादत करने वाला है।" ऐसा आदमी अल्लाह तआला का बंदा नहीं है और इस की इबादत करने वाला नहीं है बल्कि बंदा कहला ही नहीं सकता बल्कि वह तो सिर्फ अपने व्यक्तिगत उद्देश्यों की इबादत कर रहा है। इस को तो यह ग़रज़ है कि मेरी जायदाद हो, मेरी दौलत हो, मेरे घर हों, मेरे पास कारें हों, पहले घोड़े रखे जाते थे, घोड़ों की मिसालें दी हैं, आजकल कारों की मिसालें हैं, अच्छी अच्छी किस्म की कार हो। यह तो सिर्फ मक़सद नहीं है। हाँ अल्लाह तआला ने नेअमतें दी हैं उनसे फ़ायदा ज़रूर उठाना चाहिए लेकिन यह मक़सद ना हो। अगर सिर्फ यही मक़सद है तो फिर फ़रमाया वह तो सिर्फ उन चीज़ों का ही बंदा है और उनकी इबादत करता है और ऐसा शख़्स अल्लाह तआला का बंदा और इस की इबादत करने वाला नहीं कहला सकता। फिर बल्कि वह अपने ज़ाती उद्देश्यों की इबादत कर रहा है। फ़रमाया "उसने तो अपना मक़सूद मतलूब और माबूद सिर्फ़ नफ़सानी इच्छाओं और हैवानी आन्नदों ही को बनाया हुआ है।" यही उस की इच्छाए हैं। "मगर ख़ुदा तआला ने इन्सान के सिलसिला पैदाइश का उद्देश्य इस का बुनियादी मक़सद "सिर्फ अपनी इबादत रखी है।' जैसा कि अल्लाह तआला फ़रमाता है " وَمَا خَلَقْتُ الْجِنَّ وَالْإِنْسَ إِلَّا لِيَعْبُدُونِ (अज़ज़ारियात 57) "और मैंने इन्सानों और जिन्नों को सिर्फ अपनी इबादत के लिए पैदा किया है। अत: फ़रमाते हैं "अत: सीमित कर दिया है।' यहां फ़ैसला कर दिया, पाबंद कर दिया "कि सिर्फ इबादत इलाही मक़सद होना चाहिए और सिर्फ उसी उद्देश्य के लिए यह सारा कारख़ाना बनाया गया है। इस के विरुद्ध उस के और ही और इरादे और और ही और इच्छाए हैं।"

(मल्फ़ूज़ात भाग 5 पृष्ठ 246-247)

लेकिन होता क्या है? दुनिया में इस वक़्त बिलकुल इस के ख़िलाफ़ हो रहा है, इस के उलट हो रहा है। इस मक़सद के बजाय हर इन्सान के और ही और इरादे हैं, दुनिया में पड़ गए हैं और और ही और इच्छाए हैं, इच्छाए भी अजीब तरह की हो गई हैं। अल्लाह तआला को हासिल करने की इच्छा से ज़्यादा दुनियावी इच्छाए बढ़ गई हैं। अत: यह बातें हमें ग़ौर और फ़िक्र में डालने वाली होनी चाहिएं कि किस तरह हम अपनी ज़िन्दगी के मक़सद को हासिल करने वाले बनें। सिर्फ इस सांसारिक ज़िन्दगी की फ़िक्र ना करें। हमारी सोचें, हमारी मेहनत सिर्फ इस दुनिया को हासिल करने में समाप्त ना हो जाए बल्कि हम अपनी ज़िन्दगी के असल मक़सद को हासिल करने के लिए अपनी सारी सलाहीयतें काम लाने वाले हों। इन देशों में आकर हम अल्लाह तआला के फ़ज़ल को जज़ब करने की कोशिश करते हुए उस की इबादत का हक़ अदा करने वाले बनें। हमारे इरादे और हमारी इच्छाएं और ही और ना हों जैसा कि हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने फ़रमाया बल्कि हम अपने पैदा करने वाले को पहचानने वाले बनते हुए अपनी पैदाइश का हक़ अदा करने वाले बनें और इस ज़माना में जिस मक़सद के लिए अल्लाह तआला ने हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम को मबऊस फ़रमाया है इस को पूरा करने वाले बनें। हज़रत अक़दस मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम फ़रमाते हैं

"मैं इसलिए भेजा गया हूँ ता ईमानों को दृढ़ करूँ, मज़बूत करूँ और ख़ुदा तआला का वजूद लोगों पर साबित कर के दिखलाऊँ ,क्योंकि हर एक क़ौम की ईमानी हालतें निहायत कमज़ोर हो गई हैं और परलोक का संसार सिर्फ एक अफ़साना समझा जाता है। मरने के बाद की ज़िन्दगी को तो समझता ही कोई नहीं, समझते हैं एक कहानी है, अफ़साना है, कुछ भी नहीं होगा। फ़रमाया और हर एक इन्सान अपनी व्यावहारिक हालत से बता रहा है कि वह जैसा कि यक़ीन दुनिया और दुनिया के मान सम्मान पर रखता है और जैसा कि भरोसा उसे दुनियावी माध्यमों पर है यह यक़ीन और भरोसा हरगिज़ उस को ख़ुदा तआला और आलिम आख़िरत पर नहीं। ज़बानों पर कुछ और है मगर दिलों में दुनिया की मुहब्बत का ग़लबा है। ज़बान पर बेशक अल्लाह का नाम है लेकिन दिलों पर दुनिया की मुहब्बत का ग़लबा है और यह ग़लबा का इज़हार व्यवहारों से हो जाता है। आप ने फ़रमाया कि यहूद में ख़ुदा की मुहब्बत ठंडी हो गई थी तो मसीह आया था उस वक़्त उनको धर्म की तरफ़ लाने के लिए और ख़ुदा की तरफ़ लाने के लिए और अब मेरे ज़माना में भी यही हालत है। अत: मैं भी भेजा गया हूँ कि ईमान का ज़माना फिर आए और दिलों में तक़्वा पैदा हो।

(उद्धरित किताबुल बरिया , रुहानी ख़ज़ायन भाग 13 पृष्ठ 291 से 293 हाशिया)

अत: आज हमारा काम है कि आपकी बैअत का हक़ अदा करते हुए जहां अपने आपको ख़ुदा तआला की मुहब्बत में बढ़ाएं, तौहीद को अपने दिलों में मज़बूत करें। ख़ुदा तआला और इस के रसूल सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की मुहब्बत के मुक़ाबला में दुनिया और इस की आसाइशों को पीछे करें वहां अपने अंदर इन पाक तब्दीलियों के साथ इस समाज को भी ख़ुदा तआला के क़रीब लाने की कोशिश करें। आज दुनिया ख़ुदा तआला के वजूद को मानने से इन्कार कर रही है और हर साल काफ़ी बड़ी संख्या में लोग ख़ुदा के वजूद से इन्कार करने वाले होते चले जा रहे हैं और मज़हब को छोड़ते चले जा रहे हैं, ईसाईयत में भी और दूसरे धर्मों में भी बल्कि कई बार मुस्लमानों में भी।

अत: जो ये लोग इन्कार करने वाले हो रहे हैं तो ऐसी सूरत में ख़ुदा तआला की मुहब्बत हम अपने दिलों में पैदा कर के दुनिया को भी ख़ुदा तआला के वजूद की हक़ीक़त से आगाह करें। तब ही हम इस जलसा के मक़सद को भी पूरा करने वाले होंगे और तब ही हम हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम की बैअत के हक़ को भी अदा करने वाले होगे। सिर्फ अपने अंदर ख़ुदा तआला की मुहब्बत और इस के रसूल की मुहब्बत पैदा करना ही काफ़ी नहीं है , इतना ही काम नहीं हमारा बल्कि इस से भी बढ़कर काम है हमारा बल्कि अपनी औलादों और अपनी नस्लों के दिलों में भी ख़ुदा तआला की मुहब्बत और इस के रसूल की मुहब्बत पैदा करने के लिए हमें भरपूर कोशिश करनी होगी और इसी तरह जैसा कि मैंने कहा दुनिया को भी ख़ुदा तआला के वजूद की हक़ीक़त से आगाह करना होगा। हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम की बैअत में आकर, आप के मिशन को और आप के मक़सद को आगे बढ़ाना हमारी भी ज़िम्मेदारी है। अल्लाह तआला हमें इस की तौफ़ीक़ अता फ़रमाए।

यह जलसा के दिन अपनी इबादतों के स्तरों को बढ़ाने और उन पर मुस्तक़िल रहने के लिए हम व्यतीत करने वाले हूँ। अल्लाह तआला और इस के रसूल की मुहब्बत में हमेशा बढ़ते चले जाने वाले हों और दुनिया की लज़्ज़तें और ख़ाहिशात हम पर कभी हावी ना हों और यह भी याद रखें कि यह सब कुछ अल्लाह तआला के फ़ज़ल के बिना मुम्किन नहीं हो सकता इसलिए उस के फ़ज़लों को जज़ब करने के लिए भी बहुत दुआओं की ज़रूरत है और इस तरफ़ बहुत ध्यान देना होगा। अल्लाह तआला हमें इस की तौफ़ीक़ प्रदान फ़रमाए।

(अलफ़ज़ल इंटरनैशनल18 अक्तूबर 2019 पृष्ठ 5 से 8)

☆ ☆ ☆

दुआ का अभिलाषी
जी.एम. मुहम्मद शरीफ़
जमाअत अहमदिया मरकरा (कर्नाटक)



इस्लाम और जमाअत अहमदिया के बारे में किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए संपर्क करें

नूरुल इस्लाम नं. (टोल फ्री सेवा) :
1800 3010 2131
(शुक्रवार को छोड़ कर सभी दिन सुबह 9:00 बजे से रात 11:00 बजे तक)
Web. www.alislam.org, www.ahmadiyyamuslimjamaat.in

पृष्ठ 2 का शेष

पूर्ण करें। ऑनलाइन भी अन्सार की तजनीद अपडेट कर रहे हैं। इस तरह तजनीद पूर्ण कर रहे हैं।

*हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ ने क़ायद ईसार से पूछने फ़रमाया कि क्या आपने वाटर फ़ार लाईफ़ या उस किस्म का कोई दूसरा प्राजैक्ट शुरू किया है? इस पर क़ायद ईसार ने निवेदन किया कि इस साल हमने पाकिस्तान में एक कुँआं लगवाया है। हमारा दस हज़ार डॉलरज़ का बजट है। इस पर हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ ने फ़रमाया कि इतनी बड़ी मजलिस जिस में काफ़ी मुख़य्यर लोग भी हैं उस के लिए सिर्फ एक कुँआं काफ़ी नहीं है। आपको चाहिए कि कोई बड़ा प्राजैक्ट लें। एक कुँवें का ख़र्च तो सिर्फ एक आदमी अदा कर देता है।

क़ायद ईसार ने निवेदन किया कि इस साल हमारा मन्सूबा था कि हम बूढ़े और बीमार लोगों से मिलें। इसके अतिरिक्त जो मेम्बर चुस्त नहीं हैं उनके साथ भी सम्पर्क किए जाएं। हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ ने हिदायत देते हुए फ़रमाया: अन्सारुल्लाह यू एस ए अफ्रीक़ा में मॉडल विलेज के खर्चों को बर्दाश्त करे। अन्सारुल्लाह यू.के पाँच लाख पाऊंडज़ के खर्चों से बोरकीना फासो में एक आई हस्पताल बना रहे हैं। इसलिए कोई बड़ा मन्सूबा रखें।

*हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ के पूछने फ़रमाने पर क़ायद इशाअत ने निवेदन किया कि उनके तीन periodicals हैं जिसमें एक bi-weekly है, एक ई न्यूज़लेटर और एक सालाना रिसाला अन्नहल है जिसमें सालाना रिपोर्ट प्रकाशित की जाती है। ई न्यूज़लेटर 3300 अन्सार में बांटा जाता है और उसे 33 प्रतिशत अन्सार पढ़ते हैं। इस पर हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ ने फ़रमाया: लोग रिपोर्टस इत्यादि में दिलचस्पी नहीं लेते इसलिए इस किस्म की सामग्री रखें जो लोगों की दिलचस्पी का कारण हो। इसी तरह अन्सार को तहरीक करें कि वे अल-हकम का भी अध्ययन किया करें।

* हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ के पूछने फ़रमाने पर क़ायद माल ने निवेदन किया कि पिछले साल 2500 अन्सार चन्दा में शामिल हुए थे और इस साल हमारा टार्गेट है कि 2700 अन्सार शामिल हूँ। हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ के पूछने पर क़ायद माल ने निवेदन किया कि औसत चन्दा प्रति नासिर के हिसाब से 303 डॉलर्ज़ सालाना है। लेकिन अगर इन मेम्बरों को शामिल ना करें जो कमाते नहीं हैं तो औसत 453 डॉलर्ज़ बनती है। क़ायद माल ने निवेदन किया कि जिनकी इनकम नहीं है उन के लिए हमने कम से कम 36 डॉलर्ज़ सालाना चन्दा का स्तर निर्धारित किया हुआ है।

इस पर हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ ने हिदायत फ़रमाई कि चन्दा के बारे में लोगों को प्यार से ध्यान दिलाना है, ज़ो रज़बर्दस्ती नहीं करनी। चन्दा का महत्व बताते रहा करें।

* इसके बाद हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ के पूछने पर मुआविन सदरग बराए IT ने निवेदन किया कि उनके सपुर्द अन्सारुल्लाह की वेबसाइट , रिपोर्टिंग और सर्वे इत्यादि करना है। हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ ने पूछा कि हर माह कितने लोग आपकी वेबसाइट पर आते हैं। इस पर मुआविन सदर ने निवेदन किया कि उसका उन्हें इल्म नहीं है। इस पर हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ ने फ़रमाया कि आजकल तो इस किस्म की मालूमात प्राप्त करना बड़ा आसान काम है।

*इसके बाद नायब सदर दौयम ने निवेदन किया कि उनके ज़िम्मा माल, तहरीक जदीद, वक़्फ़ जदीद, ऑडिट और ताहिर स्कॉलरशिप के डिपार्टमैंटस हैं। हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ के पूछने पर नायब सदर दौयम ने निवेदन किया कि ताहिर स्कॉलरशिप के अन्तर्गत उन अन्सार की मदद की जाती है जिन्हें नौकरियों से निकाल दिया जाता है और वे बेरोज़गार होते हैं और कोई नई skill या काम सीखना चाहते हैं।

